महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के संबंध में मई, 2022 के माह की मासिक सारांश रिपोर्ट

1. पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन स्कीम: उन बच्चों, जिन्होंने कोविड-19 महामारी के चलते अपने माता-पिता, एकल जीवित माता-पिता, कानूनी अभिभावक या दत्तक माता-पिता दोनों को खोया है, की सहायता करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री.द्वारा 29 मई, 2021 को पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन स्कीम शुरू की गई थी। इस स्कीम में बोर्डिंग और लॉजिंग के लिए सहायता; 23 वर्ष की आयु में 10 लाख रुपये की वित्तीय सहायता; छात्रवृत्ति सहित माध्यमिक स्तर तक मुफ्त शिक्षा सहित शिक्षा के लिए सहायता; उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति और ऋण; और आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के माध्यम से 5 लाख रुपये के बीमा के जरिए स्वास्थ्य सहायता शामिल थी। यह स्कीम 28 फरवरी 2022 तक खुली थी। स्कीम के तहत कुल 4345 बच्चे पात्र पाए गए।

30 मई, 2022 को, माननीय प्रधानमंत्री ने स्कीम के तहत शामिल बच्चों को लाभ और सेवाएं प्रदान कीं। उन्होंने **पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन स्कीम** के तहत शामिल बच्चों और सभी हितधारकों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया। इस अवसर पर माननीय मंत्री, श्रीमती स्मृति जुबिन ईरानी उपस्थित रहीं। यह कार्यक्रम सभी 31 राज्यों की राजधानियों और 557 जिलों जहां स्कीम के तहत शामिल बच्चे निवास कर रहे हैं में आयोजित किया गया, और इसमें माननीय मुख्यमंत्रियों, केंद्र सरकार के मंत्रियों, संसद सदस्यों; राज्य सरकार के मंत्रियों, और विधानसभाओं के सदस्यों ने भाग लिया।

बच्चे अपने अभिभावकों/देखभाल करने वालों और अपने संबंधित जिले के संबंधित जिला मजिस्ट्रेट के साथ अपने जिला मुख्यालय में इस कार्यक्रम में शामिल हुए। माननीय प्रधानमंत्री ने पहली से 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले सभी बच्चों को डिजिटल रूप से 20,000/- रुपये की छात्रवृत्ति के रीयल टाइम अंतरण की शुरुआत की। समारोह के दौरान, बच्चों को माननीय प्रधानमंत्री से व्यक्तिगत पत्र; स्नेहपत्र (पीएम केयर्स प्रमाणपत्र); पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन स्कीम पासबुक; और आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) कार्ड सौंपे गए।

2. इंडोनेशिया में जी20 एम्पावर की दूसरी पूर्ण बैठक और दूसरा पार्श्व कार्यक्रम: मंत्रालय ने योग्याकार्ता, इंडोनेशिया में हाइब्रिड मोड में इंडोनेशियाई प्रेसीडेंसी के तहत जी20 सचिवालय द्वारा 17-19 मई, 2022 तक जी20 एम्पावर की दूसरी पूर्ण बैठक और दूसरे पार्श्व कार्यक्रम में भाग लिया।

******